मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, झाँसी

प्रकीर्ण वाद संख्या–90/2020 (एम.ए.सी.पी. सं. 252/2018)
उद्वेता आदि बनाम चन्द्र पाल आदि
21.09.2020

प्रस्तुत प्रकीर्ण वाद प्रार्थीगण उद्वेता अहिरवार व श्रीमती श्रीबाई द्वारा एम.ए.सी.पी. सं. 252/ 2018 उद्वेता अहिरवार आदि बनाम चन्द्र पाल आदि के प्रकरण में इस आशय से प्रस्तुत किया गया है कि उक्त याचिका दिनाँक 14.12.2019 को लोक अदालत में मुब. 5,25,000/– रु. के लिए निर्णीत हो चुकी है, जो धनराशि बीमा कम्पनी ने चेक द्वारा न्यायाधिकरण में जमा कर दी है। प्रार्थीगण ने प्रार्थना की है कि उक्त जमाशुदा धनराशि उन्हें दिलाये जाने की कृपा की जाय। प्रार्थीगण की ओर से प्रार्थनापत्र के समर्थन में प्रार्थी उद्वेता अहिरवार का शपथपत्र 4सी1, आधार कार्ड की छाया प्रतियाँ, एम.ए.सी.पी. सं. 252/2018 उद्वेता अहिरवार आदि बनाम चन्द्र पाल आदि में एम.ए.सी.टी./अपर जिला जज, न्यायालय सं. 1, झाँसी द्वारा दिनाँक 14.12.2019 को पारित आदेश की सत्य–प्रतिलिपि, लोक–अदालत में हुये सुलहनामा की छाया प्रति, आधार कार्ड व प्रार्थीगण के खाते की पासबुक की छाया प्रतियाँ दाखिल की गयीं हैं। 4सी1 शपथपत्र में यह कथन किया गया है, कि उक्त आदेश के खिलाफ कोई अपील माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन नहीं है और न ही कोई स्थगन आदेश किसी अन्य न्यायालय से है।

प्रार्थीगण न्यायाधिकरण के समक्ष मय विद्वान अधिवक्ता वर्चुअल न्यायालय में उपस्थित आये। प्रार्थीगण के विद्वान अधिवक्ता को वर्चुअल न्यायालय में सुना गया तथा पत्रावली का अवलोकन किया गया। कार्यालय आख्या के अनुसार प्रस्तुत प्रकरण में चेक पंजिका के क्रमांक 27 पर मुब. 5,25,000/– रु. पंजाब नेशनल बैंक, झाँसी में जमा हैं। 5सी1 न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेश की सत्यप्रतिलिपि के अवलोकन से स्पष्ट है कि उक्त धनराशि पर सुलहनामा की शर्तो के अनुसार याचीगण को कोई ब्याज देय नहीं है। प्रार्थीगण ने अपने बैंक खाते की पास बुक की छाया प्रतियाँ पत्रावली पर दाखिल की है। मेरे विचार से न्यायाधिकरण द्वारा पारित उक्त निर्णय के अनुपालन में प्रार्थीगण उक्त धनराशि 5,25,000/– रु. मय बैंक में अब तक अर्जित ब्याज की धनराशि को पाने की अधिकारी है।

आदेश

पंजाब नेशनल बैंक शाखा झोकन बाग, झाँसी को आदेशित किया जाता है कि वह एम.ए.सी.पी. सं. 252/2018 (प्रकीर्ण वाद सं. 90/2020 उद्वेता अहिरवार आदि बनाम चन्द्र पाल आदि) के प्रकरण में जमा धनराशि मुब. 5,25,000/–(पाँच लाख पचीस हजार)तथा बैंक में प्रार्थीगण के हिस्से की धनराशि के अनुपात से अर्जित ब्याज की धनराशि निम्न सारिणी के अनुसार प्रार्थीगण भुगतान कर दें:–

Applicat/ petitiooner	Amount in Rs.	+ (%of) Interest Accrued On Deposited	Mode of Disbursment	Bank Account Number	Bank	IFSC Code
1.Uddeta Ahirwar	131250	25	**FD for 3years**	–	Any Nationalized Bank carrying highest interest	–
1.Uddeta Ahirwar	131250	25	Elect. Mode/ RTGS/NEFT	114010040850	Dena Bank (Bank of Baroda Jhansi)	BARBODBJHSI
1. SMT. Shribai	131250	25	**FD for 3years**	–	Any Nationalized Bank carrying highest interest	–
2. SMT. Shribai	131250	25	Elect.Mode/ RTGS/NEFT	114010040849	Dena Bank (Bank of Baroda Jhansi)	BARBODBJHSI
Total	**525000**	100				

तदनुसार अनुपालन आख्या तत्काल जरिये ई–मेल एवं वाट्सएप न्यायाधिकण को प्रेषित की जाय। 3बी प्रार्थनापत्र तदनुसार निस्तारित।

पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

(चंद्रोदय कुमार)
पी.ओ., एम.ए.सी.टी., झाँसी।

Digitally signed by CHANDRODAY KUMAR
Date: 2020.09.21 16:17:17 IST
Reason: Presiding officer
Location: MACT JHANSI